हमीदिया अस्पताल में शुरू होगा आईवीएफ सेंटर

चर्चा में क्यों?

23 सितंबर, 2022 को मध्य प्रदेश के चिकित्सा शिक्षा मंत्री विश्वास कैलाश सारंग ने राजधानी भोपाल के हमीदिया अस्पताल के नए भवन में आईवीएफ सेंटर शुरू किये जाने की घोषणा की।

प्रमुख बिंदु

- मंत्री सारंग ने हमीदिया अस्पताल के निरीक्षण के बाद कहा कि हमीदिया अस्पताल में स्थानांतरित किये गए सुल्तानिया अस्पताल के प्रसूति एवं स्त्री रोग विभाग में आईवीएफ सेंटर शुरू किया जाएगा। इस सेंटर के माध्यम से प्रदेश के गरीब निःसंतान दंपतियों को लाभ मिल सकेगा।
- उन्होंने कहा कि मध्य प्रदेश के शासकीय चिकित्सा इन्फ्रास्ट्रक्चर में पहली बार ऐसा कदम उठाया जा रहा है। आईवीएफ सेंटर के लिये बजट का प्रावधान कर स्थान का चिह्नांकन कर दिया गया है। सेंटर की स्थापना में लगभग 4 माह का समय लगेगा।
- मंत्री सारंग ने कहा कि हमीदिया अस्पताल में लगभग 2000 फीट की जगह में आईवीएफ लैब बनाई जाएगी। इसके लिये चिकित्सकों, नर्सिंग एवं पैरामेडिकल स्टाफ को अलग से प्रशिक्षण दिया जाएगा। इससे सेंटर पर आने वाले गरीब निःसंतान दंपतियों का उचित उपचार सुनिश्चित हो सकेगा।
- मंत्री ने कहा कि आईवीएफ की प्रक्रिया में लाखों का व्यय होता है। ऐसे में प्रदेश के गरीब दंपती जो संतान सुख से वंचित होते हैं, उन्हें हमीदिया अस्पताल में आईवीएफ के जरिये जल्द ही लाभ मिल पाएगा। इसके लिये आईवीएफ लैब में शोध के साथ इलाज भी किया जाएगा। ऐसी महिलाएँ जो माँ नहीं बन पा रही हैं, वे कम खर्च में जाँच कराकर इस सुविधा का लाभ ले सकती हैं।

PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/ivf-centre-to-start-at-hamidia-hospital